5 बातें जो आपको जाननी चाहिए

आवास में राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव

1 **न्यू जर्सी में, आवास में राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न गैरकानूनी है।** भेदभाव के खिलाफ़ न्यू जर्सी का कानून (LAD) आपको आवास में राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव और राष्ट्रीय मूल के आधार पर उत्पीड़न से सुरक्षा देता है, चाहे आप रिफ़्यूजी हों, प्रवासी हों या गैर-अमेरिकी नागरिक हों। इसमें असली या कथित जातीयता, जन्म के देश, संस्कृति या भाषा के आधार पर पक्षपात से भरा व्यवहार शामिल है।

2 **आवास देने वाली संस्थाओं को राष्ट्रीय मूल के आधार पर उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।** आवास देने वाली संस्थाएँ, उनके कर्मचारी या साथी किराएदार आपके असली या कथित राष्ट्रीय मूल के आधार पर आपका उत्पीड़न नहीं कर सकते। आवास देने वाली संस्थाओं को उन उत्पीड़न को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करनी चाहिए है जिनके बारे में उन्हें पता है या पता होना चाहिए था। उत्पीड़न में आपत्तिजनक इशारे, अपमानजनक जातीय शब्द और अपमानजनक चुटकुले शामिल हैं।

3 **LAD के तहत, आवास देने वाली संस्थाओं को समान शर्तों पर आवास देने चाहिए, चाहे आपका राष्ट्रीय मूल कुछ भी हो।** मकान मालिक, प्रॉपर्टी मैनेजर और रियल ऐस्टेट एजेंट जैसे आवास देने वाले लोग आपके असली या कथित राष्ट्रीय मूल के आधार पर, आपको पट्टे पर संपत्ति देने से इंकार नहीं कर सकते, ज़्यादा किराया नहीं ले सकते, आपको अलग सुविधाएँ पेश नहीं कर सकते, आपको आवास के कुछ खास अवसर नहीं दे सकते या उनसे दूर नहीं रख सकते या मरम्मत कराने से इंकार नहीं कर सकते।

4 **LAD कोई घर खरीदते या बेचते समय, राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव के खिलाफ़ सुरक्षा देता है।** उदाहरण के लिए, रियल ऐस्टेट एजेंट आपके राष्ट्रीय मूल के आधार पर, आपको कुछ संपत्ति दिखाने से इंकार नहीं कर सकते या किसी मोहल्ले में घर खरीदने या न खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। आपके राष्ट्रीय मूल के आधार पर, अप्रेज़र आपके घर की कम कीमत नहीं लगा सकते, और उधार देने वाले आपसे ब्याज की ज़्यादा दर नहीं ले सकते।

5 **आवास देने वाली संस्थाएँ भेदभाव के लिए तटस्थ नीतियाँ या नियम नहीं इस्तेमाल कर सकतीं।** आवास की ऐसी तटस्थ नीतियों और नियमों पर पाबंदी है जो एक राष्ट्रीय मूल के लोगों पर दूसरों से ज़्यादा बुरी तरह से असर डालते हैं, जब तक कि पर्याप्त, कानूनी, गैर-भेदभाव वाले हित को पूरा करने के लिए न हो। उदाहरण के लिए, मुख्य रूप से अंग्रेज़ी बोलने वाले या बिना लहज़े वाले आवेदकों के लिए, अपार्टमेंट किराए पर देने की प्रक्रिया को सीमित करने से, LAD का उल्लंघन हो सकता है।

LAD के उल्लंघनों की रिपोर्ट करने, भेदभाव की शिकायत करने या LAD के तहत किसी भी अधिकार का प्रयोग करने के लिए, कोई भी आपके खिलाफ़ जवाबी कार्रवाई नहीं कर सकता।

ज़्यादा जानने के लिए या शिकायत दर्ज कराने के लिए, NJCivilRights.gov पर जाएँ या 1-833-NJDCR4U (1-833-653-2748) पर कॉल करें। LAD को DCR लागू करता है, जिससे न्यू जर्सी में रहने वाले सभी लोगों को भेदभाव से सुरक्षा मिलती है, चाहे उनकी अप्रवासन स्थिति कुछ भी हो।
ज़्यादा जानने के लिए, यहाँ क्लिक करें।

ज़्यादा जानने के लिए या शिकायत दर्ज कराने के लिए, **NJCivilRights.gov** पर जाएँ या **1.833.NJDCR4U** पर कॉल करें।